Thirteenth Loksabha

Session : 11
Date : 21-11-2002
Participants : Singh Smt. Renu Kumari

NT>

Title: Regarding allged rape of a student of the Maulana Azad Medical College, Delhi.

श्रीमती रेनु कुमारी : अध्यक्ष महोदय, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज की एक छात्रा के साथ दिन दहाड़े राजधानी दिल्ली में दुकर्म किया गया। आज तक वह अपराधी पकड़ा नहीं गया। इस घटना से सारा महिला समाज दहशत में है। ...(व्यवधान) दिल्ली की ही नहीं बल्कि पूरे देश की महिला समाज दहशत में है कि राजधानी दिल्ली जो देश की नाक है, देश का हृदय है, वहां जब स्कूल की छात्राएं सुरक्षित नहीं हैं, महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं तो अन्य प्रदेशों की क्या हालत होगी ?

आज जो हालत है, चाहे स्कूल की छात्राएं हो, चाहे कालेज की छात्राएं हो और चाहे कामकाजी महिलाएं हों, वे जब घर से निकलती हैं तो उनके दिल में यही भावना होती है कि हम सुरक्षित वापिस लौट पाएंगे या नहीं। जब वे सुरक्षित वापिस लौटती हैं तो ईश्वर का लाख-लाख धन्यवाद करती हैं। दिल्ली शहर में कानून-व्यवस्था की हालत बिल्कुल बिगड़ गई है। यही कारण है कि अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे किसी भी दुकर्म को अंजाम देने के लिए रात का भी इंतज़ार नहीं करते। वे दिन-दहाड़े घटना को अंजाम देते हैं। हालांकि सरकार की तरफ से कोई मंत्री यहां नहीं बैठते ताकि ज़ीरो आवर के महत्वपूर्ण विाय को भी सुनें, मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि पुलिस अपराधियों को पकड़ नहीं पाती और कभी-कभार पकड़ भी लेती है तो न्याय प्रक्रिया इतनी लम्बित रहती है कि अपराधियों को जल्दी सजा नहीं मिल पाती।...(व्यवधान) देश में पचास फीसदी महिलाएं हैं। विकास के दो पहियों में से वे एक पहिया महिलाएं हैं। मैं जानना चाहती हूं कि सरकार पूरे देश की महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्या करने जा रही है। हम यह भी जानना चाहते हैं कि जो व्यक्ति बलात्कार करता है, उस बलात्कारी के लिए सरकार कौन सी कठोर सज़ा सुनाने जा रही है। क्या उसे धारा 302 के तहत मौत की सज़ा सुनाएगी या आजीवन कारावास की सज़ा निर्धारित करेगी? हम चाहते हैं कि यह निर्धारित हो ताकि कोई बलात्कारी ऐसी हिम्मत न करे।

जिस प्रदेश में यह घटना होती है, क्या सरकार वहां की स्थानीय सरकार को बरखास्त करेगी। यदि यह सब नहीं करेगी तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार और क्या करने की सोच रही है। महिला सशक्तीकरण वर्ा भी मनाया गया, यह सब काम भी हुआ लेकिन वास्तव में महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया गया। सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए क्या करने जा रही है, हमें इसका जवाब चाहिए।

13.17 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch Till Fourteen of the Clock

…………………………